राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने ई॰टी॰वी भारत वेब चैनल का शुभारंभ किया

पटना, 17 मार्च 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज राजभवन सभा–कक्ष में ई॰टी॰वी॰ भारत के वेब चैनल का बिहार में शुभारंभ किया। इस अवसर पर चैनल के बिहार ब्यूरो प्रमुख श्री प्रवीण बागी भी उपस्थित थे।

उक्त अवसर पर बोलते हुए महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने कहा कि आज मीडिया के विभिन्न रूपों के जरिये पूरे विश्व में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रिन्ट मीडिया से आगे बढ़कर, आकाशवाणी–दूरदर्शन के रास्ते इलेक्टॉनिक मीडिया और फिर अब सोशल मीडिया–वेब चैनल आदि के जरिये लोकतंत्र भारत में भी सशक्त हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें भी मीडिया के जरिये सुदृढ़ हो रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतवर्ष में लोकतंत्र की मजबूती के लिए भारतीय जनता मतदान के जरिये अपनी अग्रणी भूमिका निभाती है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी वयस्क नागरिकों को निर्भयतापूर्वक स्वविवेक का प्रयोग करते हुए मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की पूरे विश्व में काफी प्रतिष्ठा है। सभी दलों को चुनाव–प्रचार के दौरान अपने देश और लोकतंत्र की गरिमा का पूरा ख्याल रखना चाहिए।

राज्यपाल ने इस अवसर पर होली के सांस्कृतिक पर्व को पूरी उमंग, सद्भावना और खुशी से मनाने का भी अनुरोध बिहारवासियों से किया। राज्यपाल ने सभी बिहारवासियों व देशवासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएँ भी दी।

राज्यपाल ने ई॰टी॰वी॰ भारत के वेब चैनल के बहुभाषी होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उसकी सफलता की कामना करते हुए उम्मीद जाहिर की कि वह सामजिक सरोकार से जुड़े रहकर स्वस्थ और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देगा।

....